प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर हीटवेव प्रबंधन तथा मौसमी बीमारियों को लेकर करेंगे उच्च स्तरीय बैठक।
- प्रदेश में प्रचंड गर्मी और तेज लू का दौर जारी–दस शहरों का तापमान 47 डिग्री के पार।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर दिया जोर।
- आईपीएल 2024 का खिताब कोलकाता नाईट राइडर्स ने जीता।

00000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर प्रदेश में हीटवेव प्रबंधन तथा मौसमी बीमारियों को लेकर आज और कल उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। आज आयोजित होने वाली बैठक में राज्य स्तर के साथ ही जोनल स्तर के अधिकारी हीटवेव प्रबंधन तथा मौसमी बीमारियों के संबंध में की गई तैयारियों और गतिविधियों की जानकारी देंगे। कल चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बीच विभिन्न जिलों में प्रशासन द्वारा बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति के अलावा अन्य व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि विभाग प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में सभी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। उन्होंने बताया कि हीटवेव प्रबंधन के लिए जिलों के चिकित्सा संस्थानों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये नोडल अधिकारी अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर हीटवेव से बचाव, जांच, दवा तथा उपचार सहित सभी प्रबंध सुनिश्चित करेंगे। ये अधिकारी रोजाना अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। साथ ही, अस्पताल की तात्कालिक आवश्यकताओं के संबंध में जिला कलेक्टर को जानकारी देंगे। श्रीमती सिंह ने बताया कि हीटवेव से पीड़ित रोगियों को तत्काल राहत देने के लिए राज्य स्तर के साथ–साथ सभी जिलों में 24 घंटे कंट्रोल रूम चलाये जा रहे है।
वहीं स्वायत्त शासन विभाग ने नगरीय निकायों को गर्मी के मद्देनजर आमजन तथा पशु–पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने और जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। विभाग के निदेशक और संयुक्त सचिव श्याम सिंह ने भीषण गर्मी को देखते हुए असुरक्षित स्थानों को चिन्हित करने को कहा है। उन्होंने ऐसी जगहों पर आश्रय गृह बनाकर उनमें पीने के पानी, पंखे–कूलर और ओआरएस के पैकेट्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु और पक्षियों के लिए चारा, दाना और पानी की माकूल व्यवस्था करने को भी कहा। श्री सिंह ने नगरीय निकायों में कन्ट्रोल रूम बनाकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

0000

प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन बुरी तरह बेहाल हो रहा है। दिन का तापमान 50 डिग्री के पास पहुंच रहा है। पिछले 24 घंटों में फलौदी एक बार फिर 49 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज लू के हालात को देखते हुए प्रशासन द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही है।

......

राज्य के दस शहरों में कल दिन का तापमान 47 डिग्री से ज्यादा पहुंच गया। बाड़मेर में 49, बीकानेर में 48 दशमलव 6, जैसलमेर में 48 दशमलव 5, सीकर के फतेहपुर में 48 दशमलव 4 और संगरिया में 48 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। श्रीगंगानगर, चूरू, पिलानी और कोटा में पारा 47 के पार रहा। राजधानी जयपुर में कल इस सीजन का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। यहां 45 दशमलव

6 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दिन के साथ रात में भी लू चलने से प्रदेश वासियों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। अधिकतर स्थानों पर रात का पारा 30 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। बाडमेर में सबसे अधिक 35 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। हालांकि कल उदयपुर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर और पाली सहित आधा दर्जन शहरों में आंधी के साथ बारिश भी हुई। उदयपुर में तेज हवाओं के चलते कई पेड़,बिजली के पोल, होर्डिंग्स सहित अन्य वस्तुएं धराशाही हो गए। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा और तेज गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया गया है। 29 मई पूर्वी राजस्थान और 30 मई से पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

0000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अधिकारियों को सामूहिक प्रयास करने को कहा है। उन्होंने कल शासन सचिवालय में नगरीय विकास और आवासन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि जयपुर अपने नगर नियोजन और ऐतिहासिक स्मारकों के कारण देश विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां के नगारिकों की ईज़ ऑफ़ लिविंग को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत हैं। बैठक में शहर की ट्रेफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने, पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त करने, मॉनसून के दौरान शहर में बड़ी संख्या में पौधे लगाने, नागरिकों से जुडी सरकारी सेवाओं को ऑनलाईन करने जैसे विषयों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा की गई।

उन्होंने जयपुरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

00000

श्रीगंगानगर में सूरतगढ नेशनल हाईवे 62 पर एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ये हादसा ट्रक और कार की टक्कर में हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार में सवार ये सभी लोग धार्मिक स्थल के दर्शन कर वापस श्रीगंगानगर लौट रहे थे।

.....

उधर भरतपुर के कनावर गांव में कल रात कुएं पर नहाने गये दो युवक, पट्टी टूट जाने से कुएं में गिर गए। हादसे में दोनो की मृत्यु हो गई।

00000

गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में हुए हादसे के बाद प्रदेश के विभिन्न गेमिंग जोन का निरीक्षण किया जा रहा है। जयपुर नगर निगम प्रशासन ने कल शहर में चल रहे गैमिंग जोन का औचक निरीक्षण किया। झोटवाड़ा के एक मॉल में चल रहे जोन का अग्निशमन की दृष्टि से निरीक्षण किया गया। इनमें खामियां पाई गई। गेम जोन में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नही होने तक उसे सील किया गया। उधर कोटा और श्रीगंगानगर में भी गेमिंग जोन का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

00000

आईपीएल 2024 का खिताब कोलकाता नाईट राइडर्स ने जीत लिया है। कल चैन्नई में खेले गए फाइनल मैच में कोलकाता ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह आईपीएल में कोलकाता की तीसरी जीत है। कोलकाता ने पहले गेंदबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 113 रन के मामूली स्कोर पर ढेर कर दिया। यह आईपीएल क्रिकेट के फाइनल में अब तक का सबसे कम स्कोर था। 114 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाईट राइडर्स ने 57 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। कोलकाता की टीम के लिए वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 52 रनों की पारी खेली। रहमानुल्लाह गुरूबाज ने अपनी टीम के लिए 39 रन बनाए। वहीं आंद्रे रसल ने तीन विकेट लिए। मिचेल स्टार्क को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

00000